बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार।
(eefedkatihar@gmail.com)

पत्रांकः— 697/कटिहार दिनांकः— 21/05/2026

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0—01/2026—27

सेवा प्रदाता से मोबाईल एम्बुलेंस (ट्रैक्टर के साथ प्रोटेबल जेनरेटर एवं हैलोजन लाईट) बाढ़ अवधि 2026 के दौरान तटबंध की सुरक्षा हेतु दर निर्धारण के लिए कोटेशन आमंत्रित की जाती है, जिसका उपयोग निम्नवत् किया जायेगा:—

बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार परिक्षेत्राधीन तटबंधों के आक्राम्य एवं अतिआक्राम्य स्थलों पर आवश्यकतानुसार जरूरत पड़ने पर मोबाईल एम्बुलेंस (ट्रैक्टर के साथ प्रोटेबल जेनरेटर एवं हैलोजन लाईट) स्थापित कर बालू भरे बोरे, खाली बैग, नॉयलान क्रेट, खाली जियो बैग, बालू, मिट्टी इत्यादि के साथ मजदूरों को रखकर क्षेत्रान्तर्गत ले जाने एवं वहाँ आवश्यक कार्य कराने हेतु 24 घंटे तैयार रहना होगा एवं निदेशानुसार कार्यस्थल पर तत्क्षण प्रस्थान करेगा।

1. विवरणी :—

(क) ट्रैक्टर :— 35 HP का न्यूनतम
(ख) प्रोटेबल जेनरेटर :— 3 K.V.A
(ग) हैलोजन लाईट :— कार्य के लिए पर्याप्त रोशनी होनी चाहिए कम से कम 500 W का 04 अदद् एवं प्रत्येक रोशनी हेतु 30 मी0 लम्बाई की तार सहित।

सेवा प्रदाता से आइडिल अवधि एवं कार्यकारी अवधि के दर की अपेक्षा की जाती है।

(अ) आईडल दर :—

(ब) कार्यकारी दर :—

2. मूल्यांकन :—

दर उद्धरण का मूल्यांकन निम्नांकित फार्मूला से किया जायेगा —

a X 0.3 + b X 0.7, जहाँ a आईडल दर है एवं b कार्यकारी दर है।

3. शर्तें :—

(क) सेवा प्रदाना का निबंधन मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार में बाढ़ 2026 के कार्यों हेतु होना चाहिए।

(ख) सेवा प्रदाना का GST निबंधन, पैन कार्ड एवं चरित्र प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(ग) आयकर की कटौती आयकर अधिनियम 1961 के नियमानुसार की जायेगी।

(घ) ट्रैक्टर एवं जेनरेटर हमेशा चालू स्थिति में रहना चाहिए अन्यथा खराब होने पर देय दर के दोगुनें दर से वसूली की जायेगी।

(ङ) सभी कार्यों का भुगतान लॉग बुक प्रविष्टि के आधार पर किया जायेगा।

(च) अद्योहस्ताक्षरी को निर्धारित अवधि के पूर्व भी वाहन/मोबाईल एम्बुलेंस स्थल से हटाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

(छ) मशीनरी का उपयोग नहीं होने की स्थिति में आईडल दर पर भुगतान किया जायेगा। आईडल अवधि अधिकतम 12 घंटे की होगी।

4. यह अल्पकालीन कोटेशन दर निर्धारण के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

5. कोटेशन की प्राप्ति की तिथि :– 01.06.2026 से 04.06.2026 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।

6. कोटेशन प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार/अधीक्षण अभियंता, महानंदा बाढ़ नियंत्रण अंचल, कटिहार/मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार।

21.05.26

कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार

पत्रांक– 697/कटिहार, दिनांक– 21/05/2026

प्रतिलिपि– सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

21.05.26

कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार